समय : २ घंटे | **CODE - TAPEL** | पूर्णांक : ५०

---

**प्र.१ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :-** १४

क) "पानी पियो तो सोचो
खारा तो नहीं हुआ है तुम्हारी आत्मा का जल
पानी पियो तो सोचो नन्हें अल असगर के बारे में
सोचो कहीं अन्धे तीर मेच तो नहीं बदल गयी है तुम्हारी घृणा!"

**अथवा**

"खाते हुए मुँह से चपचप की आवाज होती है ?
कोई ग़म नहीं
वे जो मानते हैं बेआवाज जबड़े को सभ्यता
दुनिया के सबसे खतरनाक खाऊ लोग हैं।"

ख) "हवलदार जी, इसने खुद बच्चे को मेरी गोद में डाला है। यह तो इसे जनकर घूरे पर फेंकने जा रही थी, मैंने कहा कि ला मुझे दे दे, मैं इसे पाल लूँगी। तब से मैं इसे पाल रही हूँ। यह मुझे यहाँ छोड़ने आयी थी। यहाँ आकर मुकर गयी।"

**अथवा**

"अखबार की दुनिया में रोज खबरें आती हैं। हड़तालों के नारे, लड़ाइयों का शोरगुल, सेनाओं की परेडें, जंगी जहाजों का घर्राटा, लेकिन मुझे सब इतने बेमानी, इतने खोखले लगते हैं जितने इस बचकाने खिलौने के स्वर। लेकिन कभी - कभी लगता है, इन्हीं ध्वंस और विनाश की आवाज़ों में कहीं नये इन्सान की आवाज का भी निर्माण हो रहा है।"

**प्र.२ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** २०

च) 'पीले फूल कनेर के' नामक कविता में कवि के 'प्रकृति - चित्रण' का सविस्तर वर्णन कीजिए।

**अथवा**

'दुर्गम पथ' कविता में कवि 'शोषित वर्ग के साहस' को चित्रित करता है — स्पष्ट कीजिए।

छ) 'रामा' रेखाचित्र के आधार पर 'रामा' की चारित्रिक विशेषताओं को अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

'इन्सपेक्टर मातादीन चाँद पर' के आधार पर 'पुलिस प्रशासन की विसंगतियों' पर प्रकाश डालिए।

**प्र.३ निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर टिप्पणी लिखिए :-** ६

ट) 'बीस साल बाद' कविता में 'समाज की भयावह स्थिति'।

ठ) 'भोजन विलासी' तथा 'शैय्या विलासी' की कहानी।

**प्र.४ निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर पत्र का प्रारुप तैयार कीजिए :-** १०

त) जोशी बेड़ेकर महाविद्यालय, ठाणे में लेखपाल का पद रिक्त है। अपने आप को उम्मीदवार मानकर 'आवेदन - पत्र' का प्रारुप तैयार कीजिए।

**अथवा**

थ) अपने मित्र को जन्मदिन के अवसर पर बधाई देते हुए 'बधाई - पत्र' का प्रारुप तैयार करें।

++++++++++++++++++++++++++++++++++++++++